K26U 0881

Reg. No. : ..............................

Name : ..................................

# Second Semester B.Com./B.B.A./B.B.A. (R.T.M./T.T.M./A.H.)/B.T.T.M./L.R.P. Degree (C.B.C.S.S. – O.B.E. – Supplementary) Examination, April 2026
## (2020 to 2023 Admissions)
## ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI
## 2A08-1HIN : व्यावहारिक हिन्दी (Vyavaharik Hindi)

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) समाजभर में व्याप्त भ्रष्टाचार रूपी ज्वलंत समस्या को दूर करने के लिए हम कौन-सा कदम उठा सकते हैं ? इस पर अपना मत निबन्धात्मक शैली में प्रकट कीजिए ।

2) इंटरनेट की दुनिया विषय पर एक निबन्ध तैयार कीजिए ।

II. कम से कम 300 शब्दों में किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

3) संकेत बिन्दुओं की सहायता से एक कहानी लिखिए ।

एक किसान — । वह बहुत — । उसके चार बेटे थे । चारों सदैव — । उनकी आपसी कलह देखकर किसान — । उसने अपने सबसे बड़े बेटे से कहा कि — । पिता के कहने पर — । सबने बारी बारी — । परन्तु लकडियों का गट्ठर उनसे – । उसके बाद पिता ने — । सबने एक एक लकडी — । अब किसान ने कहा कि — । शिक्षा — ।

4) हमारे शहर में बढ़ती हुई वायु प्रदूषण की समस्या पर एक रपट तैयार कीजिए ।

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए । **(3×3=9)**

5) हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।

The sun rises in the east and sets in the west. It is the star at the centre of our solar system and is responsible for life on earth. The sun provides us with light and warmth, which are essential for plants to grow and for us to survive. It also plays a crucial role in the water cycle. As its heat evaporation water from oceans, lakes and rivers forming clouds that eventually bring rain.



Don Bosco Arts and Science College Library, Angadikadavu, Kannur
lib.donbosco.ac.in

6) अंग्रेज़ी में या मलयालम में अनुवाद कीजिए ।

भारत एक विशाल देश है, जहाँ विभिन्न संस्कृतियों, धर्मों और भाषाओं के लोग एक साथ रहते हैं । यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहर और विविध परंपराएँ इसे एक अनूठा देश बनाती है । भारत में हिमालय जैसे ऊँचे पर्वत, गंगा और ब्रह्मपुत्रा जैसी विविध नदियाँ और थार जैसा विशाल रेगिस्तान हैं । यहाँ के लोग अपनी मेहमाननवाजी और मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते हैं । भारत अपनी कला, संगीत, नृत्य और व्यंजनों के लिए भी प्रसिद्ध हैं ।

7) पिताजी के नाम पुत्र के पत्र का एक नमूना तैयार कीजिए ।

8) जल प्रदूषण की समस्या को लेकर नगरपालिका के नाम पर एक शिकायती पत्र तैयार कीजिए ।

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(3×3=9)**

9) निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए ।

1) जलयात्रा, हड़ताल
2) सचिवालय, विश्वविद्यालय
3) वस्त्र उद्योग, संदर्भ
4) पत्रकारिता, वाणिज्य
5) लाभदायक, अनुपात
6) बीमा, श्रमिक

10) निम्नलिखित शब्दों को हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।

1) Godown, Identification
2) Industry, Legal Action
3) Record, Royalty
4) Nomination, Mutual
5) Vacancy, Wage
6) Sample, Resignation.

Don Bosco Arts and Science College Library Angadikadavu, Kannur libdonbosco.ac.in

11) सिरदर्द से बचाने लायक एक तेल आपने विकसित किया है । उसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

12) संक्षेपण लिखिए ।

आज के समय में विज्ञान ने हमारे जीवन को बहुत आसान बना दिया है । विज्ञान की मदद से हमने कई बीमारियों का इलाज खोज लिया है । विज्ञान की मदद से हमने अंतरिक्ष में भी अपनी पहुँच बना ली है । विज्ञान की मदद से हमने नए नए उपकरण बनाए हैं जो हमारे जीवन को आसान बनाते हैं । विज्ञान की मदद से हमने इंटरनेट जैसी तकनीक विकसित की है, जिसने दुनिया को एक गाँव बना दिया है । विज्ञान की मदद से हमने कई ऐसे काम किए हैं जो पहले असंभव थे । विज्ञान हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है । हमें विज्ञान का सही उपयोग करना चाहिए ताकि हम अपने जीवन को और बेहतर बना सकें ।

V. **एक** या **दो** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(8×1=8)**

13) कारक की परिभाषा देकर उसके भेदों का उल्लेख कीजिए ।

14) विकारी शब्द की परिभाषा देकर उसके भेदों पर प्रकाश डालिए ।

15) विशेषण को परिभाषित करके उसके भेदों का परिचय दीजिए ।

16) क्रिया का सामान्य रूप और धातु में अन्तर क्या है ?

17) संज्ञा की परिभाषा देकर उसके प्रकारों का उल्लेख कीजिए ।

18) सर्वनाम की परिभाषा देकर उसके भेदों के बारे में लिखिए ।

19) वचन बदलिए :

पत्ता, किताब, सड़क, फल

20) हम देश की सेवा करना चाहिए । (शुद्ध कीजिए)

21) सीता ने पढ़ चुका । (शुद्ध कीजिए)

22) गोपाल को दौड़ सकते हैं । (शुद्ध कीजिए)

Don Bosco Arts and Science College Angadikadavu Kannur Library
dblibdonbosco.ac.in